भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3061 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024/18 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

कृत्रिम नहर का निर्माण

3061. श्री उम्मेदा नाम बेनीवाल:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बाड़मेर के बाखासर में कृत्रिम नहर का निर्माण करके पत्तनों के विकास के लिए संकल्पित की गई योजना की जानकारी है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है;
(ग) क्या सरकार का उक्त पत्तन को शीघ्रातिशीघ्र विकसित करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ङ): जी हां। राजस्थान सरकार ने बाड़मेर के बाखासर के पास भवतारा में पत्तन के विकास पर पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है और आईडब्ल्यूएआई ने राष्ट्रीय जलमार्ग-48 की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है। आईडब्लयूएआई ने उक्त पत्तन के नौचालन के व्यवहार्यता और विकास का आकलन करने के लिए जलमार्ग की गणितीय मॉडलिंग हेतु राष्ट्रीय बंदरगाह, जलमार्ग एवं तट प्रौद्योगिकी केन्द्र (एनटीसीपीडब्ल्यूसी), आईआईटी मद्रास से संपर्क किया है।

*****